# आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 03.04.2025 समय : 02.10pm

**राज्यसभा - वक्फ**

राज्यसभा में आज वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 को पारित किए जाने के लिए पेश किया गया। इस पर सदन में चर्चा जारी है। इस विधेयक को कल शाम लोकसभा ने पारित कर दिया है। राज्यसभा में विधेयक पेश करते हुए केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि इस बिल के लिए जेपीसी में काफी विचार विमर्श हुआ है। उन्होंने कहा कि इस कानून द्वारा हाईकोर्ट में अपील करने का प्रावधान रखा गया है।

**प्रधानमंत्री थाईलैण्ड यात्रा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दो दिन की यात्रा पर आज थाईलैण्ड की राजधानी बैंकाक पहुंचे। थाईलैण्ड के उप प्रधानमंत्री और परिवहन मंत्री सूर्या जुंगरूंगरेंगकिट ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। वर्ष 2016 और 2019 के बाद प्रधानमंत्री मोदी की ये तीसरी थाईलैण्ड यात्रा है।

थाईलैण्ड पहुंचने पर श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वे आधिकारिक वार्ताओं में भाग लेने तथा भारत और थाईलैण्ड के बीच सहयोग मजबूत करने को इच्छुक हैं।

प्रधानमंत्री मोदी आज शाम थाईलैण्ड के प्रधानमंत्री पिटॉगतर्न छिनावात्रा के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। वे परस्पर संबंधों के सभी आयामों की प्रगति की समीक्षा करेंगे। इस बार बिम्सटेक शिखर सम्मेलन का विषय है- बिम्सटेक-समृद्ध लचीला और खुला। सम्मेलन में बैंकॉक दृष्टिकोण 2030 को अपनाया जाएगा।

**गुजरात हादसा**

गुजरात के बनासकांठा की पटाखा फैक्टरी में हुए हादसे में जान गंवाने वाले हरदा और देवास जिले के सभी 18 लोगों के शवों का आज देवास जिले के नेमावर नर्मदा नदी के तट अंतिम संस्कार किया गया। मृतकों में 9 लोग संदलपुर, 8 हरदा और एक युवक देवास जिले के खातेगांव का रहने वाला था। शवों को कल गुजरात से इंदौर लाया गया था। कल से ही नेमावर में अंतिम संस्कार की तैयारियां कर ली गई थी। इसके पहले कल खांतेगांव विधायक आशीष शर्मा ने संदलपुर पहुंच कर हादसे में मृत मजदूरों के परिजनों से मिलकर सभी आवश्यक सहायता देने का आश्वासन दिया।

**नवरात्र**

प्रदेश में नवरात्र दौरान देवी मंदिरों में भक्तों भीड़ उमड़ रही है। शहडोल जिले के कंकाली देवी मंदिर, बूढ़ी माता मंदिर, भठिया देवी मंदिर के साथ विराठेश्वरी धान में सुबह से भक्तों का तांता लगा हुआ है। भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। कंकाली देवी मंदिर मैदान में आज भजन संध्या का आयोजन किया गया है। जहां सुप्रसिद्ध गायिका हिना सिंह अपनी प्रस्तुति देंगी। इसी तरह देवास, मैहर उज्जैन जिले के मंदिरों में भी विशेष आयोजन किए जा रहे हैं।

**समाचार संक्षेप में :–**

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल निवास स्थित समत्व भवन में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की समीक्षा बैठक की। वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बताया है कि सरकार के कुशल वित्तीय प्रबंधन के फलस्वरूप नए वित्तीय वर्ष, 1 अप्रैल तक प्रदेश के ऊर्जा विभाग द्वारा सभी केंद्रीय कोयला कंपनियों की बकाया देनदारी का शत-प्रतिशत भुगतान कर दिया गया है।
- शहडोल जिले के सभी शासकीय स्कूलों में प्रवेशोत्सव के बाद कक्षाओं का संचालन शुरू हो गया है। कक्षा एक से लेकर कक्षा 8 तक के छात्रों को पुस्तकों का वितरण किया जा रहा है।
- आगरमालवा जिले में रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेंहूँ उपार्जन कार्य हेतु निरीक्षण करने के लिए कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने प्रत्येक केन्द्र के लिय एक-एक निरीक्षण अधिकारी को नियुक्त किया है।
- रायसेन के प्राचीन मिश्र तालाब पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत श्रमदान जल संरक्षण का संदेश दिया।
- झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना के आदेश के परिपालन में जांच हेतु आदेश जारी किये गए है धान उपार्जन एवं मिलिंग के संबंध में जिले में जांच दल गठित किया गया है।
- शिवपुरी जिले में बलारपुर में बलारी माता मंदिर पर नवदुर्गा महोत्सव के दौरान 3 से 5 अप्रैल तक लगने वाले वार्षिक मेले की सुरक्षा व्यवस्थाओं का कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी और पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ ने कल यहां का जायजा लिया।
- जबलपुर में पिछले 24 घण्टे से बादल छाए हुए हैं। तापमान में गिरावट आई है। वहीं कल हल्की बारिश हुई, लेकिन आज सुबह फिर बारिश हुई।